Seat No. : _______________

# AQ-108-H

**May-2016**

## B.Com., Sem.-II

## CC-108 : Accounting-II

**Time : 3 Hours]** **[Max. Marks : 70**

## (Hindi Version)

**निर्देश :** (1) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

(2) आवश्यकतानुसार गणनाओं के संबंधित टीप आपके उत्तर का एक हिस्सा की तरह दर्शाएँ ।

1. सुनीता ने दिनांक 01-04-11 को महेश के पास से एक यंत्र भाड़ा खरीद पद्धति से खरीदा तथा उसी ता. को ₹ 80,000 चुकता किया । बाकी रकम 10% ब्याज के साथ किश्तों में निम्नानुसार चुकाया : **14**

| दिनांक | ₹ ब्याज सहित किश्त (हफ्ता) |
|---|---|
| 31-03-2012 | 1,40,000 |
| 31-03-2013 | 1,30,000 |
| 31-03-2014 | 1,20,000 |
| 31-03-2015 | 1,10,000 |

यंत्र पर घटते हुए शेष की पद्धति से वार्षिक 10% के हिसाब से घसारा गणना करना है । उपरोक्त विवरण के आधार पर तैयार कीजिए :

(1) सुनीता की पुस्तक में यंत्र खाता तथा महेश का खाता

(2) महेश की पुस्तक में सुनीता का खाता

**अथवा**

(A) अल्पेश ने नीलम मोटर्स के पास से दिनांक 01-01-2015 को भाड़ा खरीद पद्धति से सेकेन्ड हेन्ड मारूती कंपनी की वेगनार गाड़ी खरीदी । जिसके एवज में उसने निम्नानुसार रकम चुकायी : **7**

| दिनांक | ₹ |
|---|---|
| 01-01-2015 | रोकड़ कीमत का 10% |
| 30-04-2015 | 1,78,000 |
| 31-08-2015 | 1,30,000 |
| 31-12-2015 | 84,000 |

किश्त (हफ्ता) में 15% की दर से ब्याज भी शामिल है । घसारा 20% सीधी रैखिक पद्धति से गणना करना है । उपरोक्त विवरण के आधार पर :

अल्पेश की बही में मारूती वेगनार मोटर गाडी का खाता तैयार कीजिए ।

(B) हफ्ता पद्धति तथा भाड़ा खरीद पद्धति में अंतर स्पष्ट कीजिए । **4**

(C) भाड़ा खरीद पद्धति के संबंध में निम्न दो पदों को समझाइए : **3**

(1) रोकड़ कीमत

(2) खरीदी के समय चुकायी रकम

(3) ब्याज

2. नीचे के विवरण के आधार पर समीर की बही में दिनांक 31-03-2015 को पूर्ण होते वर्ष का केन्द्र सरकार का 12% बॉण्ड का खाता तैयार कीजिए : **14**

(1) 01-04-2014 की दिनांक पर प्रारंभिक बकाया

- बॉण्ड की दार्शनिक कीमत ₹ 1,20,000
- बॉण्ड की लागत कीमत ₹ 1,26,000

(2) ब्याज के भुगतान की दिनांक 30 जून तथा 31 दिसम्बर है ।

(3) वर्ष के दरम्यान लेनदेन

| दिनांक | दार्शनिक कीमत (₹) | दर (₹) | विशेष टीप |
|---|---|---|---|
| 01-09-14 | 40,000 | 105 | ब्याज सहित खरीदी |
| 01-10-14 | 60,000 | 98 | ब्याज बिन बिक्री |
| 30-11-14 | 20,000 | 96 | ब्याज बिन खरीदी |
| 31-01-15 | 40,000 | 102 | ब्याज सहित बिक्री |

(4) निवेश का अंतिम बकाया का मूल्यांकन फीफो (FIFO) पद्धति से किया जाना है ।

**अथवा**

(A) निवेशों के अंतिम स्टॉक की कीमत की गणना करने के लिए अलग-अलग पद्धतियों को बताइए तथा इस संदर्भ में फीफो (FIFO) पद्धति की विस्तार से चर्चा कीजिए । **7**

(B) निम्न में से किसी **एक** पर संक्षेप में टिप्पणी लिखिए : **4**

(1) ब्याज के साथ तथा ब्याज के बिना लेनदेन

(2) दार्शनिक कीमत तथा पूँजीगत कीमत

(C) निवेशों की खाताबही के बारे में समझाइए । **3**

3. दिनांक 01-07-2015 को राम और श्याम क्रमश: 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि के वितरण की शर्त पर एक संयुक्त उपक्रम (साहस) में भागीदार हुए । उन्होंने संयुक्त बैंक खाते में क्रमश: ₹ 1,20,000 तथा ₹ 80,000 जमा किए । **14**

उन्होंने यह तय किया कि संयुक्त बैंक खाते का उपयोग केवल खरीद-बिक्री के लेनदेनों के लिए किया जाएगा । जबकि संयुक्त साहस का खर्च प्रत्येक साझीदार अपने स्वयं की निधि से चुकायेगा ।

राम को मासिक ₹ 4,000 वेतन दिया जाना है । जबकि श्याम को उसकी बिक्री पर 8% की दर से कमीशन दिया जाएगा ।

राम ने ₹ 1,00,000 का माल 10% व्यापारिक बट्टे पर खरीदा तथा खर्च का ₹ 1,000 चुकाया श्याम ने ₹ 80,000 का माल 5% व्यापारिक बट्टे पर खरीदा और खर्च का ₹ 800 चुकाया ।

श्याम ने कुछ माल ₹ 2,00,000 की कीमत से बेचा तथा फुटकर खर्च का ₹ 200 चुकाया । नहीं बिका शेष माल पूरा राम ने अपने निजी उपभोग के लिए ₹ 60,000 में खरीद लिया । उसी प्रकार संयुक्त साहस के व्यवसाय के लिए अम्बिका स्टेशनर्स तथा प्रिन्टर्स से उधार खरीदी स्टेशनरी का ₹ 2,000 चुका देना स्वीकारा ।

दिनांक 31-12-2015 को संयुक्त साहस का व्यवसाय बंद कर हिसाब चुकता करना आया । उपरोक्त विवरण से संयुक्त साहस का खाता, संयुक्त बैंक खाता तथा सह-भागीदारों के खाते तैयार कीजिए ।

**अथवा**

(A) राकेश तथा कल्पेश ₹ 12,00,000 में एक मकान निर्माण के लिए संयुक्त साहस में जुड़े । उनके द्वारा हुए खर्च का विवरण निम्नानुसार है : **7**

| विवरण | ₹ राकेश | ₹ कल्पेश |
|---|---|---|
| मालसामान | 3,40,000 | 2,50,000 |
| सीमेंट | 65,000 | 85,000 |
| मजदूरी | – | 1,35,000 |
| आर्किटेक्ट फीस | 50,000 | – |
| लाइसेंस फीस | – | 25,000 |
| प्लान्ट | – | 1,00,000 |

करार पूरा होने पर कल्पेश ने प्लान्ट 50% घसारा दर्शाकर उस कीमत पर खरीद लिया । राकेश को करार कीमत चुकायी । लाभ-हानि का समान वितरण होना है । कल्पेश की बही में संयुक्त साहस खाता तथा राकेश का खाता तैयार कीजिए ।

(B) संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : (कोई **एक**) **4**

(1) आडतमाल तथा संयुक्त साहस (राश) में अंतर

(2) कच्चा संयुक्त साहस (राश) खाता

(C) संयुक्त साहस (राश) व्यवसाय की विशेषताओं को समझाइए । **3**

4. (A) कम्प्यूटर के विभिन्न भागों तथा उनके कार्यों के बारे में समझाइए । **7**

**अथवा**

हिसाब में कम्प्यूटर की उपयोगिता बताइए ।

(B) संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : (कोई **एक**) **4**

(1) टेली सॉफ्टवेयर पद्धति

(2) कम्प्यूटर की मर्यादाएँ

(C) संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : (कोई **एक**) **3**

(1) प्रिंटर के प्रकार

(2) टेली का प्रवेश द्वार

5. दिए गए विकल्पों में से उत्तम विकल्प का चुनाव कीजिए : (कोई **सात**) **14**

(1) भाड़ा खरीद पद्धति में घसारा किस मूल्य से निकाला जाता है ?

(a) रोकड़ कीमत (b) भाड़ा खरीद कीमत

(c) करार कीमत (d) इनमें कोई नहीं

(2) भाड़ा खरीद पद्धति में ब्याज किसमें शामिल नहीं होता ?

(a) खरीदी के समय चुकायी रकम (b) किश्त (हफ्ता) की रकम

(c) भाड़ा खरीद कीमत (d) इनमें कोई नहीं

(3) टेली का उपयोग करने सबसे पहले

(a) कंपनी क्रिएशन में जाना होता है । (b) लेजर क्रिएशन में जाना होता है ।

(c) एकांउन्टिंग वाउचर में जाना होता है । (d) इन्वेन्टरी Info में जाना होता है ।

(4) टेली के हिसाब में दिनांक बदलने हेतु 'की' _________ दबाएँ ।

(a) F2 (b) F11 (c) F5 (d) F6

(5) टेली में यदि जर्नल प्रविष्टि करनी हो तो जर्नल प्रविष्टि पेज खोलने निम्न की _______ दबाएँ ।

(a) F7 (b) F5 (c) F8 (d) F6

(6) संयुक्त साहस (राश) के हिसाबों में माल का सामान्य नुकसान किस खाते में नामे होता है ?

(a) सामान्य लाभ-हानि खाते (b) किसी खाते में नहीं

(c) संयुक्त साहस (राश) खाते (d) इनमें से कोई नहीं

(7) विज्ञापन के लिए व्यवसाय में संयुक्त साहस में जुड़े लोग किस नाम से जाने जाते हैं ?

(a) एड-वेन्चरर (b) को-वेन्चरर (c) भागीदार (d) इनमें से कोई नहीं

(8) ब्याज सहित खरीद के लिए पूँजी कीमत का अर्थ है

(a) जितनी रकम दलाल को खरीद कीमत चुकायी हो

(b) खरीद कीमत – समाहित ब्याज + दलाली

(c) खरीदी की तारीख पर बाजार कीमत

(d) इनमें से कोई नहीं

(9) प्रतिभूति बेचने पर दलाली सामान्य रूप से निम्न कीमत पर निकाली जाती है :

(a) दार्शनिक कीमत

(b) बिक्री कीमत

(c) दार्शनिक कीमत तथा बिक्री कीमत के औसत पर

(d) पुस्तक-कीमत पर

(10) निम्न में से किसका समावेश निवेश की लागत में नहीं हुआ है ?

(a) दलाली (b) ब्याज (c) स्टाम्प शुल्क (d) इनमें से कोई नहीं